समाजशास्त्र का राजनीतिशास्त्र के साथ संबंध
Relationship of Sociology with Political Science

राजनीतिशास्त्र का रुचि, प्रमुखता समाज के अध्ययन में है। इस शास्त्र के द्वारा राज्य तथा राजकीय प्रशासन के अध्ययन पर विशेष जोर दिया जाता है। इस प्रकार राजनीतिशास्त्र राजनीतिक संबंधों का विस्तृत अध्ययन है। राजनीतिशास्त्र संगठित मानव संबंधो (राजनीतिक संबंधो) का अध्ययन करता है और ये संबंध सामाजिक संबंधों का ही अंग है। समाजशास्त्र एवं राजनीतिशास्त्र के बीच घनिष्ठ संबंध है। कुछ समय पूर्व तक राज्य और समाज में कोई भेद नहीं किया जाता था। इसी कारण समाजशास्त्र और राजनीतिशास्त्र एक ही विषय के अन्तर्गत आते थे। 18 वीं एवं 19 वीं शताब्दी में राज्य और समाज में अंतर किया जाने